# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–6159 '26 दिनांक 12.08.'26

सेवा में,

**प्रबंधक/प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष,**
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–समस्त नर्सिंग/सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) पाठ्यक्रमों की मुख्य/पूरक परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर–2026 में सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

समस्त नर्सिंग/सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि नर्सिंग/पैरामेडिकल की मुख्य/पूरक लिखित परीक्षाएं सितम्बर/अक्टूबर–2026 में सम्पन्न होना प्रस्तावित हैं। इसलिए आप अपने प्रशिक्षण संस्थानों में **दिनांक 23.08.2025 तक सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी का कार्य प्रत्येक दशा में अवश्य पूर्ण कर लें।** जिससे परीक्षा सुचारू रूप से सम्पन्न करायी जा सके। जिन संस्थानों का सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो ऐसे संस्थानों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं संस्थान की होगी।

**नोटः–**

1. सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी केवल क्लासरूम, हॉल व सीलिंग रूम की होगी, पूरे संस्थान की नहीं।
2. सी0सी0टी0वी0 कैमरे सुचारू रूप से चलते रहने चाहिए, जिससे लाइव प्रसारण पूरी तरह स्पष्ट (Clear) आ सके।
3. स्थानीय (Local) स्तर पर किसी कम्पनी से परीक्षा के समय के लिए 'तकनीकी व्यक्ति' नियुक्ति करें, तथा कम्पनी का नाम, मोबाइल नंबर सी0सी0टी0वी0 के लॉगिन पैनल पर अपडेट करा दें।
4. जिन संस्थानों का नाम सी0सी0टी0वी0 के लॉगिन पैनल पर अपडेट नहीं है, वे संस्थान ई–मेल **techspecs.exam@upsmfac.org** पर अपने संस्थान का नाम जोड़ने (Add) का अनुरोध (Request) भेज दें।
5. सितम्बर/अक्टूबर–2026 परीक्षा के लिए सी0सी0टी0वी0 विवरण अपडेट करने का लिंक सेंटर लॉगिन पैनल पर उपलब्ध है।
6. किसी भी तकनीकी सहायता के लिए ई–मेल **techspecs.exam@upsmfac.org** पर मेल भेज सकते हैं।

भवदीय,

(डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।